जैतसागर नाले से अतिक्रमण हटाने को लेकर जिला कलेक्टर से मुलाकात की

बूंदी (निसं)। जैतसागर बरसाती नाले से अतिक्रमण हटाने के मसले पर आज प्रात:11 बजेसंघर्ष समिति की कौरकमेटी के सदस्यों ने जिला कलेक्टर रेणु जयपाल से मुलाकात की और समस्या के शीघ्र समाधान को लेकर दौनो पक्ष में जिला कलेक्टर कक्ष में विस्तृत चर्चा हुई।

जिला कलेक्टर एवं संघर्ष समिति के बीच हुई बातचीत में बूंदी में वर्षाकालमें अनेक कॉलोनी एवं क्षेत्रों में जल प्लावन के हालत उत्पन्न कर देने और बाढ़ जैसी स्थिति बना देने का एक मात्र कारण बनने वाले जैतसागर बरसाती नाले पर से सभी अतिक्रमण हटाकर उसे नहर नुमा पक्का निर्माण करवाने के मसले पर गत तीन वर्षो से अनवरत जारी जन-आन्दोलन के बाद अब तक हुई समस्त सरकारी कार्यवाही जिनमें सर्वे, जीपीएस सर्वे,अतिक्रमण चिन्हित व उन्हें नोटिस सर्वे होने, प्रशासन, नगर परिषद् एवं संघर्ष समिति की कलेक्टर सभागार भवन संयुक्त टेबल बातचीत सहित अतिक्रमण से प्रभावित क्षेत्र का जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक व नगर परिषद् आयुक्त का संयुक्त अवलोकन और प्रशासन का अतिक्रमण को गंभीर मानकर चिंता जाताना सभी बिन्दुओं पर बातचीत में विस्तृत चर्चा हुई।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप वस्तु स्थिति से अवगत कराया।

जिला कलेक्टर ने संघर्ष समिति से पुरे मामले का शीघ्र स्वयं अवलोकन कर प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर इस मामले में कार्यवाही करने को आश्वस्त किया है। इस मसले पर चर्चा ने संघर्ष समिति के संयोजक रुपेश शर्मा व अध्यक्ष राजू गुर्जर ने कहा कि जिला प्रशासन 8 रोज में आमजन में स्पष्ट करेकि जैतसागर बरसाती नाले से अतिक्रमण हटाने की मंशा है या नहीं ? शर्मा और गुर्जर ने कहा कि प्रशासन द्वारा 8 रोज में स्थिति स्पष्ट नहीं करने की स्थिति में संघर्ष समिति ने इस दफा चरणबद्ध आन्दोलनके जरिये आर-पार की जन-आन्दोलन की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है और इसके तहत शुरुवात में जलमग्न से प्रभावित क्षेत्र के सभी आमजन और बूंदी के नागरिकों को साथ लेकर बूंदी कलेक्ट्रेट के बाहर आगामी24 मई कोविशाल धरना-प्रदर्शन करने से लेकर आगें जन

■ जिला कलेक्टर ने समिति से पूरे मामले में विस्तार से बात की और समस्या समाधान के लिए आश्वस्त किया

हस्ताक्षर, बूंदी बंद, जिला कलेक्टर आवास के बाहर पडाव व आमरण अनशन शामिल रहेगा और इसकी सभी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

संघर्ष समिति के द्वारा इस मामले में कार्यवाही के लिये लिखित ज्ञापन मांग पत्र भी दिया। जिला कलेक्टर से मिले संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल में नगर पार्षद संदीप देवगन,संघर्ष समिति उपाध्यक्ष अभिषेक हाडा,सदस्य रवि सैनी, उत्तम सैनी,गिरिराज सिंह, ओम प्रकाश सैनी, सी.पी. गर्जर, अजीज भाई, मुन्ना भाई,लंकागेट व्यापार मण्डल के संरक्षक कालू कटारा, विहिप बूंदी के पीताम्बर शर्मा, भाजयुमो नेता विकास सनाढ्य, नवीन चतुर्वेदी,यूथ क्लब बूंदी अध्यक्ष प्रभात जैन,पीयूष शर्मा, सदस्य गुंजन शर्मा, श्याम शर्मा, चन्द्रप्रकाश सैनी, लोकेश सैनी, प्रेमशंकर व अशोक कुमार शर्मा शामिल रहे।

ऑपरेशन अस्मिता के अंतर्गत 30 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण प्रारंभ

जिला कलेक्टर रेणु जयपाल ने प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं से बातचीत की।

बूंदी (निसं)। जिला कलेक्टर रेणु जयपाल की पहल पर जिले में शुरू किए गए 'ऑपरेशन अस्मिता' के तहत शुक्रवार को बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, बून्दी में 30 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कलक्टर रेणु जयपाल ने किया। इसमें रामनगर गांव की 32 महिलाऐं शामिल हुई। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने उपस्थित महिलाओं को प्रशिक्षण की

■ 'आर्थिक स्वावलंबन से महिलाओं को मजबूती मिलेगी'

उपयोगिता एवं जीवन में इसकी महत्ता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आर्थिक स्वावलंबन से महिलाओ को मजबूती मिलेगी।

आरसेटी निदेशक नरेन्द्र कुमार सैन द्वारा उपस्थित अतिथियो एवं प्रशिक्षणार्थियों को आरसेटी कार्यक्रम व इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अन्त में आरसेटी निदेशक नरेन्द्र कुमार सैन, द्वारा सभी उपस्थित अतिथियो का आभार व्यक्त किया व प्रशिक्षणार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस दौरान नाबार्ड के डीडीएम राजकुमार मीणा, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक महेश शर्मा मौजूद रहे।

हिरण्यकश्यप के 25 फीट के पुतले का वध, 125 सालों से चली आ रही है परम्परा

कोटा, (निसं)। वैशाख शुक्ल चतुर्दशी को नृसिंह जयंती शहर भर में धूमधाम से मनाई जाएगी। अलग-अलग संस्थाएं शहर भर में शनिवार को विभिन्न आयोजन करेंगी। अग्रवाल वैष्णव मोमीयां पंचायत के प्रवक्ता संजय गोयल ने बताया कि विष्णु भगवान के चतुर्थ अवतार भगवान श्री नरसिंह जयन्ती का भव्य समारोह गांधी चौक रामपुरा पर आयोजित किया जाएगा।

यहां भगवान नरसिंह के स्वरूप द्वारा वध के समय दिन और रात का संध्याकाल सायं पर 6.45 बजे हिरण्यकश्यपु के 25 फीट के पुतले का वध किया जाएगा। नरसिंह धर्माशाला के सचिव महेंद्र कुमार मित्तल ने बताया कि राम दरबार व शिवजी, हनुमान व भक्त प्रहलाद की झांकी सजेगी। समारोह सांयकाल सूर्यास्त होते ही समय 6.45 बजे नृसिंह भगवान प्राकट्योत्सव होगा। इसके बाद हिरण्यकश्यपु का वध किया जाएगा।

■ नरसिंह जयन्ती आज, छप्पन भोग सजेगा, फूलबंगले के दर्शन होंगे, शहरभर में आयोजन होंगे

महाआरती के बाद ठंडाई व प्रसाद वितरण होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खादी ग्रामोद्योग के उपाध्यक्ष पंकज मेहता, कोटा उत्तर की महापौर मंजू मेहरा, कोटा दक्षिण के महापौर राजीव अग्रवाल, पार्षद सुनील वर्मा, सहवारित पार्षद चन्दू जैन, राजीव जैन होंगे। संस्था के अध्यक्ष कैलाश गुप्ता के अनुसार यह परम्परा पिछले 125 वर्षों से चली आ रही है। पहले यह समारोह रामपुरा चौक में होता था। सन 1905 में दरबार द्वारा नरसिंह धर्मशाला के सामने (अभी गांधी चौक है) जगह उपलब्ध कराई।

जबसे समाज द्वारा जनता के लिए समारोह आयोजित होता आ रहा है। जिसमें भगवान नरसिंह द्वारा हिरण्यकश्यपु के पुतले का वध किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, आम लोग पुतले के कागज व लकड़ियां अपने घरों में ले जाकर घर के बाहर लगाते हैं। जिससे साल भर कोई विघ्न न हो। इसके बाद कई माताएं अपने छोटे-छोटे बच्चों को भगवान की गोद में देकर आशीर्वाद दिलाती हैं। मान्यता है कि जिससे बच्चे रात को डरते नहीं हैं और बीमारियों से मुक्त रहते हैं। किशोरपुरा दरवाजे पर स्थित प्राचीन नरसिंह मन्दिर के पुजारी मयंक शर्मा ने बताया कि नरसिंह जयन्ती के अवसर पर नीलकंठ महादेव मंदिर के पास सुबह 7 बजे भगवान का पंचामृत से महाअभिषेक, दिन में 3 बजे से शृंगार, छप्पन भोग व फूल बंगला के दर्शन होंगे। वहीं शाम 4 बजे सुंदरकांड पाठ और सांय 7.30 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण होगा।

अंडर-15 कुश्ती चयन ट्रायल 14 को

कोटा, (निसं)। अंडर 15 कुश्ती की चयन ट्रायल 14 मई को महावीर नगर प्रथम स्थित श्री बजरंग व्यायामशाला में आयोजित होगी। व्यायामशाला अध्यक्ष माधाराम चौधरी ने बताया कि चयन ट्रायल 14 मई को शाम 4 बजे से 6 बजे तक चलेगी।

व्यायामशाला सचिव एवं कोच व अंतर्राष्ट्रीय पहलवान रविन्द्र कुमार ने बताया कि 2007-08 जन्मतिथि वाले पहलवान ही इस चयन ट्रायल में भाग ले सकते हैं। 2009 जन्मतिथि वाले पहलवान मेडिकल सर्टिफिकेट होने की स्थिति में ही चयन ट्रायल में भाग लेने हेतु योग्य हो सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पहलवानों को अपना जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और पासपोर्ट साथ लेना अनिवार्य हैं।

38 किलोग्राम 41 किलोग्राम 44 किलोग्राम 48 किलोग्राम 52 किलोग्राम 57 किलोग्राम 62 किलोग्राम 68 किलोग्राम 75 किलोग्राम 85 किलोग्राम रहेगा, वहीं ग्रीक रोमन स्टाइल के में वजन 38 किलोग्राम 41 किलोग्राम 44 किलोग्राम 48 किलोग्राम 52 किलोग्राम 57 किलोग्राम 62 किलोग्राम 68 किलोग्राम 75 किलोग्राम 85 किलोग्राम रहेगा।

स्पोर्ट्स लीग के प्रथम मैच में झालावाड़ बैंकर्स ने बिजनेस अवेंजर्स को चार रन से हराया

झालावाड़ (निसं)। झालावाड़ प्रोफेशनल स्पोर्ट्स लीग के प्रथम मैच में कांटे के मुकाबले में झालावाड़ बैंकर्स ने बिज़नेस अवेंजर्स को 4 रनों से हराया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी बैंकिंग की टीम ने जोनी की शानदार 60 रन की पारी के दम पर 126 रन का स्कोर खड़ा किया जिसमें उनकी टीम के शुरुआती विकेट जल्दी गिर गए थे उसके बाद आबिद के 27 व रामनिवास मिर्धा के 13 ने उनका बखूबी साथ देते टीम को मजबूती दी,जिसमे बिज़नेस की तरफ से गेंदबाजी में कमल ने 3 ,मनीष पाटीदार ने 2 लिए।

स्कोर का पीछा करते हुए बिज़नेस की की टीम के कप्तान शिखर भाटिया समेत शुरू के 4 खिलाडी के जल्दी विकेट गिरने से टीम दवाब में आ गईं,जिसमे जोनी के 4 ओवर में 18 रन पर 5 विकेट लिए, उसके बाद कुलदीप गोस्वामी की 56 रन की सधी हुई पारी के दम पर मैच काफी रोमांचक बन गया,पर रामनिवास मिर्धा ने आखरी ओवर्स में शानदार गेंदबाजी करते हुए टीम को जिताया, जिमसें बैंकर्स के

झालावाड़ प्रोफेशनल स्पोर्ट्स लीग के प्रथम मैच में कांटे के मुकाबले में झालावाड़ बैंकर्स ने बिजनेस अवेंजर्स को चार रन से हराया।

कप्तान तरुण सिंह वाघेला ने टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए धन्यवाद दिया।

लीग के मुख्य प्रवक्ता सरदार रावजोत सिंह ने बताया कि इस शानदार मैच में जॉनी को ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया जिसको कमेटी के बाकी सदस्यों ने मिलकर आज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब दिया।

सार-समाचार

शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन

बूंदी (निसं)। श्रीबालाजी व्यायाम शाला बालचंद पाडा बून्दी में शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें बालक बालिकाओं ने तलवार बल्लम लाठी चक्कर व अन्य शस्त्रों से अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के बाद प्रथम द्वितीय, तृतीय स्थान आने वालों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेश गौतम, अखाड़ा समिति के जिला कोषाध्यक्ष नितेश शर्मा (नीटू) ,महामंत्री मनीष सिसोदिया, सचिव सन्दीप श्रंगी व एडवोकेट मुकेश जोशी रहे। सभी अथितियों ने ऐक सुर में बून्दी में अधिक व्यायाम शालाये खोलने व बच्चों को शस्त्र सिखाने पर जोर दिया। मंच का संचालन हनुमान व्यायाम शाला के अध्यक्ष टीकम शास्त्री ने किया व धन्यवाद ज्ञापित किया। वहां उपस्थित उत्कर्ष सिंह चौहान, योगेश खंगार, मुकेश सैनी, राजेश कुमार, अशोक सैनी, जन्मेजय, रत्नागर उपस्थित रहे।

तोल कांटों की संख्या बढ़ाने की मांग

छबड़ा (निसं)। छबड़ा विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा 25 मार्च से चने एवं सरसो खरीद के लिए ऑनलाईन पंजीयन शुरू कर दिया गया था एवं 1 अप्रैल से सरकार द्वारा चने एवं सरसो की 1270 खरीद केंद्र बनाकर केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित 5.97 लाख टन चना, 13.3 लाख टन सरसो राजस्थान सरकार को किसानो से समर्थन मूल्य पर खरीदना था, परंतु राजफेड के कर्मचारियों की उदासीनता के कारण समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने वाले चना एवं सरसो की उपज किसानों से प्रतिदिन बहुत कम मात्रा मे तुलाई जा रही है। जिसके कारण किसान बड़ी असमंजस्य की स्थिति में है तथा अपने टोकन नंबर के इंतजार में किसान कहीं पर भी आने जाने की स्थिति मे नही है, जबकि प्रशासन द्वारा गर्मी की इस भीषण स्थिति को देखते हुए कई सरकारी कार्यालयों एवं विद्यालयो के समय मे परिवर्तन कर दिया गया है। विधायक सिंघवी ने मांग की है कि ऐसी भीषण गर्मी मे किसानों की स्थिति को ध्यान मे रखते हुए प्रशासन को किसानो की चना एवं सरसों की उपज को समय पर तोलने के लिए तोल कांटों एवं टोकनों की संख्या बढ़ाकर किसानों की उपज अतिशीघ्र खरीद कराई जाए।

विद्युत स्पार्किंग से आग लगी, भूसा जला

छबड़ा (निसं)। छबड़ा क्षेत्र के तीरतरखेड़ी गांव में शुक्रवार को विद्युत स्पार्किंग के चलते एक घर मे आग लग गई, जिससे उसमे रखा भूसा व लकड़ियां जल कर राख हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची मोतीपुरा थर्मल की दमकल ने आग पर काबू पा लिया। सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि तीतरखेड़ी गांव में विधुत स्पार्किंग के कारण श्रमिक अमृतलाल के घर में आग गई, जिससे लगभग 4 से 5 ट्रॉली भुसा और लकड़ियां जल गई। इस पर पहले तो ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण आग बुझाने में विफल हुए तो ग्रामीणों ने मोतीपुरा थर्मल प्लांट की दमकल को सूचना दी

पीपल पूर्णिमा पर आठ बेटियों के हाथ पीले होंगे

कोटा, (निसं)। श्री महर्षि दाधिच छात्रावास समिति के तत्वावधान में 16 मई को 10वां सामूहिक दाधिच ब्राह्मण विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। पीपल पूर्णिमा के दिन 8 जोड़े एक साथ जीवन भर साथ चलने की कसम लेंगे। सामूहिक विवाह आयोजन की तैयारियां जोरों पर है।

मंत्री जय वल्लभ दाधीच ने बताया कि कोटड़ी स्थित समाज भवन में हिन्दू रीति-रिवाज से यह सामूहिक विवाह सम्पन्न किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निकासी ने पाणिग्रहण तक के समस्त संस्कार सम्मेलन में पूरे किए जाएंगे। अध्यक्ष प्रदीप दाधीच ने कहा कि सामूहिक विवाह आज की आवश्यकता है समाज में सामूहिक विवाह का चलन आवश्यक है ताकि शादियों के नाम होने वाले फिजूल खर्च पर अंकुश लग सकें।

पीपल पूर्णिमा पर होगा विवाह:- प्रदीप दाधीच ने बताया विवाह के लिए पीपल पूर्णिमा का दिन चुना गया है। इसदिन जोड़े एक दुसरे के

■ आठ जोड़े पीपल पूर्णिमा पर जीवनसाथी बनेंगे

हमसफर बनेंगे। उन्होने बताया मंगलकार्य प्रात 8 बजे विनायक स्थापना के साथ प्रारंभ हो जाएगा। 9 बजे बासन, 9.30 बजे मण्डल एवं यज्ञोपवीत, 11.30 बजे निकासी, 12.30 तोरण, 1.30 पर पाणिग्रहण संस्कार किया जाएगा एवं 3.30 पर आशीर्वाद एवं विदाई समारोह होगा।

आठ जोड़ो का रजिस्ट्रेशन हुआ, 10वां सामूहिक विवाह सम्मेलन:-विवाह आयोजन समिति के संयोजक आचार्य जय वल्लभ दाधीच एवं पवन दाधीच ने बताया कि समाज की ओर से यह 10वां सामूहिक विवाह सम्मेलन है। समिति को अभी तक 8 जोड़ो की स्वीकृति मिली है, रजिस्ट्रेशन का कार्य जारी है अंतिम दिन तक यह रजिस्ट्रशन किया जाएगा। उन्होने बताया कि टोंक एवं हाड़ौती संभाग से 8 जोड़ो ने प्रविष्टियां दी है।

वर वधु को उपहार भी देंगे:- मंत्री यज वल्लभ दाधीच एवं कोषाध्यक्ष बिहारी लाल दाधीच ने बताया कि इस विवाह समारोह में वर-वधू को समिति की ओर से सोने का मंगलसूत्र, स्वर्ण कान के टोप्स, चांदी की पायल एवं बिछिया, पलंग, गद्दा, तकिए, बेडशीट, ड्रेसिंग टेबल, वर-वधू को हाथ की घड़ी, बर्तन सेट, वर का सूट का कपड़ा एवं वधू का सेट, अलमारी, श्रृंगार सेट, बाजोट मोड, तुंरगी, गठजोड़, तोरण घड़ी आदि सामान आयोजन समिति द्वारा प्रदान किए जाएंगा।

अलग-अलग समितियों का गठन:- सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया गया है जिसमें स्वागत समिति, वित्त समिति, पंजीकरण समिति, मंच व्यवस्था, भोजन व्यवस्था समिति, प्रचार प्रसार, चिकित्सा समिति, प्रशासनिक समिति, एवं महिला स्वागत समिति बनाई गई है।

सेवा सप्ताह अभियान के अंतर्गत आर्य समाज ने पार्क में परिंडे बांधे

कोटा, (निसं)। आर्य समाज कोटा द्वारा चलाए जा रहे सेवा सप्ताह के अंतर्गत आर्य समाज द्वारा रंगबाड़ी स्थित बालाजी पार्क में पक्षियों के लिए मिट्टी के परिंडे बांधे गए। आर्य समाज कोटा संभाग के महामंत्री अरविंद पांडे ने बताया कि आर्य समाज उप प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग के प्रधान अर्जुन देव चड्ढा के निर्देशन में सेवा सप्ताह के अंतर्गत नगर में कई कार्यक्रम किए गए हैं।

संभागीय मीडिया प्रभारी आचार्य अग्निमित्र शास्त्री ने बताया कि शुक्रवार को बालाजी पार्क में पानी की तलाश में भटकते पक्षियों के लिए आर्य समाज के कार्यकर्ताओं राधावल्लभ राठौर, भैरोलाल शर्मा, किशन आर्य हरियाणा, नरेंद्र शर्मा, दिनेश मेहरा, बनवारी गुप्ता मोली बाई, रामेश्वर राठौड़ आदि ने पार्क में पेड़ों पर मिट्टी के परिंडे बांधे साथ ही प्रात: भ्रमण करने वालों को प्रतिदिन परिंडों में पानी भरने का संकल्प दिलाया।

'प्रशासन शहरों के संग' अभियान को लेकर शहरवासियों में उत्साह

कोटा, (निसं)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल की पहल पर प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत दी जा रही अभूतपूर्व छूट एवं नियमों में किए जा रहे सरलीकरण के बाद लगातार शिविरों में आमजन को उनके भूखंड, मकानों का मालिकाना हक प्राप्त करने में बड़ी मदद मिली है।

कोटा नगर विकास न्यास की ओर से 11 मई से पटरी पार क्षेत्र भदाना के रामजानकी सामुदायिक भवन में आयोजित किए गए 3 दिवसीय प्रशासन शहरों के संग शिविर अभियान का समापन शुक्रवार को हुआ। शिविर के दौरान न्यास सचिव राजेश जोशी ने शिविर में पहुंचकर क्षेत्रवासियों को शिविर में दी जा रही विशेष छूट एवं सरकार द्वारा

■ तीन दिवसीय शिविर में 358 पट्टे जारी हुए

मालिकाना हक प्राप्त करने के लिए नियमों में किए गए सरलीकरण की जानकारी दी और राज्य सरकार के इस अभूतपूर्व अभियान का लाभ उठाने की अपील की। शिविर के प्रभारी कोटा नगर विकास न्यास के उप सचिव मोहम्मद ताहिर ने बताया कि 3 दिवसीय शिविर के दौरान 358 पट्टे जारी कर आवेदकों को सौंपे गए।

शिविर में पहले दिन 143 पट्टे तैयार के आवेदकों को सौपे गऐं। दूसरे दिन 102 आवेदकों को पट्टे जारी किए गए। शिविर में पहुंचे लोगों ने जैसे ही आवेदन किया दस्तावेजों की प्रक्रिया पूर्ण करने एवं राशि जमा करवाने के बाद आवेदकों को तुरंत उनके आवास, भूखंडो का पट्टा जारी किया गया। उप सचिव मोहम्मद ताहिर ने बताया कि शिविर के दौरान कई ऐसे आवेदकों को भी नियमों में हुए सरलीकरण के बाद उनके आवास के पट्टे सौंपे गए जिनको दस्तावेजों में आ रही अड़चन के चलते सालों से मालिकाना हक प्राप्त नहीं हो रहा था राज्य सरकार द्वारा दी जा रही विशेष छूट एवं नियमों में सरलीकरण का लाभ अभियान के तहत उपलब्ध हो रहा हैं।

तीन दिवसीय शिविर के दौरान जनकपुरी, रवि विहार प्रताप कॉलोनी जेपी कॉलोनी महावीर कॉलोनी सरस्वती कॉलोनी जगदंबा कॉलोनी सहित 2 दर्जन से अधिक अप्रूव्ड कॉलोनी के क्षेत्रवासी जिन्होंने आवेदन किए थे उनकों पट्टे सौंपे गए।

शिविर का लाभ उठाने से वंचित रहे क्षेत्र के लोगों से भी अपील की है कि वह न्यास द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं अन्य शिविरों में पहुंच कर या न्यास कार्यालय में अपने आवेदन देकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान का लाभ उठाएं।

प्रशासन शहरों के संग अभियान के दूसरे चरण का तीसरा शिविर 18 मई से 20 मई तक जेडीए सर्किल श्रीनाथपुरम स्टेडियम में नगर विकास न्यास की ओर से आयोजित किया जाएगा। शिविर में कोटा उत्तर निगम के वार्ड नंबर 8, 9 एवं दक्षिण निगम के वार्ड 4 से 8, 17, 18, 19, 20, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 52, 53, 74,75 वार्ड के क्षेत्रवासी आवेदन कर अपने भूखंड का आवास का पट्टा प्राप्त कर सकेंगे।

सार-समाचार

सिंथेटिक कोर्ट का निरीक्षण किया

बूंदी (निसं)। जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष एव हॉल निर्माण समन्वयक अजय नुवाल एडवोकेट के आग्रह पर राजस्थान बैडमिंटन संघ के सचिव के के शर्मा ने डिस्ट्रिक्ट क्लब बूंदी में बनवाई जा रहे सिंथेटिक कोर्ट के निर्माण की गुणवत्ता को बारीकी से देखा और हो रहे निर्माण की भूरी भूरी प्रशंसा की। नुवाल ने बताया कि शर्मा से हॉल के अंदर लाइटिंग की बेहतर तकनीक के बारे में तथा एग्जास फैन लगवाने की तकनीक पर चर्चा हुई। साथ ही इस हॉल के समीप मौजूद रिक्त पड़ी भूमि पर एक और बैडमिंटन कोर्ट बनवाने की योजना से शर्मा को अवगत कराया गया जिसको उन्होंने अच्छा निर्णय बताते हुए इस हॉल के निर्माण में राजस्थान बैडमिंटन संघ की ओर से पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।

छेड़छाड़ के आरोपी को पांच वर्ष का कारावास

बून्दी (निसं)। मासूम से छेड़छाड़ करने के आरोप मे विशिष्ठ न्यायाधीश पोस्को क्रम संख्या 2 ने सेठजी का चौक निवासी कृष्णमुरारी शर्मा को धारा 354 मे तीन वर्ष का कठोर कारावास व तीन हजार रूपये का जुर्माना अदा करने व पोस्को एक्ट में अलग से पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशिष्ट लोक अभियोजक राकेश ठाकोर ने बताया कि पीड़िता के पिता ने महिला थाने में रिपोर्ट पेश की थी की व 14 मार्च को आवश्यक कार्य से बाहर गया हुआ था, 15 मार्च को जब मे घर आया तो मेरी पुत्री ने बताया कि जब वह अपने चाचा के घर जा रही थी तो आरोपी ने उसे रास्ते में रोककर छेड़छाड़ की वह बड़ी मुश्किल से घटनास्थल से भागी। छेड़छाड़ करने के बाद पीडिता के पिता द्वारा महिला थाने मे दर्ज करवाई गई रिपोर्ट पर महिला थाने ने अभियुक्त के विरूद्व छेड़छाड़ व पोस्को एक्ट में मामला दर्ज कर धारा 354, 341 आईपीसी व पोस्को एक्ट में चालान पेश किया। उक्त प्रकरण में शुक्रवार को विशिष्ठ न्यायाधीश सलीम बदर ने निर्णय सुनाते हुए अभियुक्त को धारा 354 में तीन वर्ष का कठोर कारावास तथा तीन हजार रुपये के जुर्माना व पोस्को एक्ट में पांच वर्ष का कठोर कारावास और पांच हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में अभियोजन की और से सात गवाह और 9 दस्तावेज पेश किये गये।

परीक्षार्थियों की सुध ले सरकार : सिंघवी

छबड़ा (निसं)। छबड़ा विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने प्रतियोगी परीक्षाओं में परीक्षार्थियों को भीषण गर्मी से बचाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने की सरकार से मांग की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राजस्थान पुलिस कांस्टेबल, कंप्यूटर अनुदेशक, प्रयोगशाला सहायक इत्यादी प्रतियोगी परीक्षाएं और विश्वविद्यालय व स्कूल की परीक्षाएं ली जा रही है। सिंघवी ने कहा कि एक तरफ तो 48 डिग्री तापमान में परीक्षा देने के लिए परीक्षार्थी ट्रेन व बसों की छतों पर बैठकर आने-जाने को मजबूर हो रहे है दूसरी तरफ पूरी की पूरी राज्य सरकार अपने आकाओं को खुश करने के लिए एसी कारों व बसों में घुमा रही है और विश्व प्रसिद्ध होटलों में रुकवाकर मौज कर रहे है। अच्छा होता सरकार उदयपुर चिंतन शिविर में जाने से पहले इन परीक्षार्थियों की चिंता कर इनके आने-जाने, ठहरने की समुचित व्यवस्था पर ध्यान देती, जिससे इस भीषण गर्मी में परीक्षार्थियों को परेशानी नहीं होती।